वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 75 मंगलवार 9 जुलाई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मुंबई के जवेरी बाजार से फेमस हुई ज्वेलरी जयपुर पहुंची

### टीबीजेड के स्टोर की हुई शुरूआत, एक डिजाइन के बनते हैं सिर्फ छह पीस

जयपुर. कासं



संस्कृति और विरासत के खूबसूरत मिश्रण के साथ भारत के प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड टीबीजेड-द ओरिजिनल ने जयपुर में अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। गौतम मार्ग, वैशाली नगर में स्थित यह राजस्थान में ब्रांड का पहला स्टोर है। 160 वर्षों की विरासत वाली यह कंपनी ज्वेलरी के शानदार कलेक्शन की पेशकश के लिए खास पहचान रखती है। रिटेल प्रेसिडेंट मुकेश गाजरा ने बताया कि टीबीजेड- द ओरिजिनल की स्थापना सन 1864 में मुंबई के जवेरी बाजार में हुई थी। तब से ही यह ज्वेलरी इंडस्ट्री में एक विश्वसनीय नाम बना हुआ है। आज हमारे भारत भर के 27 शहरों में 33 स्टोर्स हैं। हमारे यहां डिजाइन को लेकर भी खास तैयारी रहती है, एक डिजाइन के हम सिर्फ छह पीस बनाते है। यही छह पीस 33 स्टोर्स में से ही कुछ एक में रहते हैं। इससे एक्सक्लूसिवनेस बनी रहती है। स्टोर लॉन्च पर सीएमडी श्रीकांत झवेरी ने कहा कि हमें जयपुर, राजस्थान में अपना पहला स्टोर शुरू करने पर गर्व है। जयपुर स्टोर ज्वेलरी के प्रति विशेष रुझान रखने वाले लोगों को बेहद आकर्षित करेगा। यह स्टोर नवीन और आकर्षक डिजाइन्स की एक विस्तृत श्रृंखला से सुसज्जित है। कंटेम्पररी से लेकर ट्रेडिशनल डिजाइन यहां अट्रेक्ट करने वाले है। ब्राइडल कलेक्शन को भारतीय विरासत की आधुनिक कारीगरी के साथ तैयार किया गया है। इसमें सगाई की अंगूठियां, चूड़ियां और नेकलेस आदि शामिल हैं।

## नीदरलैंड के 35 स्टूडेंट्स आई आई एस यूनिवर्सिटी पहुंचे

### इंडिया राइजिंग ए डिस्कोर्स पर आयोजित सेशन में भारत की राजनीतिक व्यवस्था एवम समकालीन परिदृश्य पर चर्चा की गयी

जयपुर. कासं



मानसरोवर स्थित आई आई एस यूनिवर्सिटी की इंटरनेशनल सेल में यूनिवर्सिटी ऑफ लीडेन की स्पिल कमेटी की ओर से भारत दर्शन पर आए 35 अंडर ग्रैजुएट और पोस्टग्रैजुएट स्टूडेंट्स का स्वागत किया गया। इन स्टूडेंट्स के लिए आई आई एस यूनिवर्सिटी की ओर से एक्टिविटीज रखी गईं। यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस एंड इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग द्वारा इंडिया राइजिंग ए डिस्कोर्स पर सेशन आयोजित किया गया जिसमें भारत की राजनीतिक व्यवस्था एवम समकालीन परिदृश्य पर चर्चा की गई। साथ ही ओपन हाउस के तहत ग्रुप डिस्कशन में यूनिवर्सिटी ऑफ लीडेन व आई आई एस के स्टूडेंट्स ने भारत एवम नीदरलैंड्स के पॉलिटिकल डिस्कोर्स पर अपने विचार साझा किए। यूनिवर्सिटी ऑफ लीडेन के स्टूडेंट्स ने यूरोपियन यूनियन एवम इसके घटक देशों की राजप्रणाली के बारे में जानकारी दी। इन स्टूडेंट्स को आई आई एस यूनिवर्सिटी कैंपस का टूर भी कराया गया एवम डिपेटमेंट्स में चल रहे विभिन्न कोर्सेज के बारे में बताया गया जिससे वे काफी प्रभावित हुए। इस यात्रा से दो देशों के बीच अकादमिक संबंध अवश्य ही मजबूत होंगे। यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ अशोक गुप्ता, रजिस्ट्रार राखी गुप्ता एवम वाइस चांसलर डॉ टी एन माथुर ने इन स्टूडेंट्स को आशीर्वाद व शुभनामनाएं दी।

## फ्रेंडशिप डे पर जयपुर में होगी त्रिमूर्ति मानसून रन

### 'पौधों से दोस्ती' का मैसेज देंगे रनर्स; जामुन, तुलसी के बीज राह में गिराते हुए दौड़ेंगे 21 किलोमीटर

जयपुर. कासं



दोस्ती इस दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता है। अब चाहे दोस्ती इंसान से हो या फिर प्रकृति के किसी भी तत्व से। इसी कड़ी में फ्रेंडशिप डे के खास मौके पर 4 अगस्त को पर्यावरण से दोस्ती की मिसाल कायम करने के उद्देश्य से त्रिमूर्ति मानसून रन के 8वें एडिशन का आयोजन जयपुर के कूकस में किया जा रहा है। मानसून रन का आयोजन त्रिमूर्ति बिल्डर्स व जयपुर रनर्स क्लब की ओर से किया जाएगा। त्रिमूर्ति मानसून रन के माध्यम से 'पर्यावरण संरक्षण' और 'फ्रेंडशिप विद नेचर' का संदेश दिया जाएगा। इससे पहले जयपुर रनर्स क्लब की कोर टीम एवं डायरेक्टर्स ने गुलाब के फूल और पौधे हाथ में लेकर त्रिमूर्ति मानसून रन को अनाउंस किया। जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया ने बताया कि फ्रेंडशिप डे यानी 4 अगस्त को त्रिमूर्ति मानसून रन का आयोजन तीन कैटेगरी में होगा। इसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की रन होगी। वहीं, क्लब के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एंड एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा और सैकेटरी निपुन वाधवा ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि इस हेल्दी-वे पार्टी के दौरान त्रिमूर्ति मानसून रन में हिस्सा लेने वाले रनर्स जामुन, नीम जैसे विभिन्न प्रकार के छायादार वृक्षों के बीजों को रास्ते में विभिन्न स्थानों में गिराते हुए आगे बढ़ेंगे। इससे भविष्य में यह बीज पेड़ बनकर पर्यावरण को हरा-भरा रखने में सक्षम हो। इस तरह के आयोजनों से न केवल पर्यावरण के प्रति अवेयरनेस बढ़ेगी, बल्कि शहर में रनिंग कल्चर को भी बढ़ावा मिलेगा।

# श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था, मानसरोवर की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था, मानसरोवर की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन संघ अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन 'राजा' की अध्यक्षता में हुआ। सभा का शुभारम्भ मंगलाचरण के साथ किया गया तथा गत सभा की कार्यवाही का पठन उपाध्यक्ष धर्म चंद जैन द्वारा किया जिसका सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। संघ मंत्री प्रकाश लोढ़ा ने वार्षिक प्रतिवेदन में वर्ष भर की धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। राजेन्द्र प्रसाद जैन, कोषाध्यक्ष द्वारा गत वर्ष की आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा सभासदो ने उसे पारित किया। अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन 'राजा' ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही गतवर्ष का भव्य चातुर्मास हुआ है पूर्व की भांति ही इस वर्ष भी आपका सहयोग अपेक्षित है और सभी को चातुर्मास काल मे अधिक से अधिक धर्म लाभ लेना है। अन्त में ज्ञानचंद दुनिवाल ने सभी का आभार वयक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर अल्पहार की व्यवस्था भी रखी गई।

# वृक्षारोपण कर मनाई वैवाहिक वर्षगांठ



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** स्थानीय गणेशीराम झंवर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुजानगढ़ निवासी ईटानगर प्रवासी महेश कुमार सुनीता देवी बगड़ा ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर वृक्षारोपण किया विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कुसुम शर्मा ने बताया कि आधुनिक युग में जहां लोग अपनी वर्षगांठ होटलों में मनाते हैं लेकिन बगड़ा दंपति ने वृक्षारोपण के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को एक सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किया है। इसके माध्यम से हर एक को अपने जीवन में वृक्ष लगाना चाहिए जिससे अपना राजस्थान प्रदेश हरा भरा रह सके इस दौरान सुजलांचल विकास मंच समिति के महावीर प्रसाद पाटनी,शिक्षक बोदूराम शास्त्री,निखिल टेलर,सलोनी बगड़ा उपस्थित रहे।

# आचार्य विरागसागर इस सदी के महान संत थे, विनयांजलि सभा में भक्तों ने व्यक्त किए उद्गार



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना ।दिगम्बराचार्य श्री विरागसागर जी महाराज इस सदी के महानतम संत थे ।वह अपने गुरु आचार्य श्री विमलसागर महाराज की तरह ही मृदुभाषी और शास्त्रज्ञ थे । आप अपने भक्तों के साथ ही सभी श्रावकों से बहुत ही स्नेह के साथ मिलते थे ।मुरैना नगर में पुज्यश्री का लगभग चार पांच बार आगमन हुआ । आपने दया, अहिंसा और शाकाहार का प्रचार प्रसार करते हुए जैन धर्म के सिद्धांतों का प्रचार प्रसार किया । अपने संयम काल में आपने 400 से अधिक दीक्षाएं प्रदान की ।वर्तमान में सम्पूर्ण भारतवर्ष में आपके शिष्य जैन धर्म के सिद्धांतों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं ।उक्त उद्गार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा जैन मंदिर में आयोजित गणाचार्य विरागसागर जी महाराज की विन्यांजलि सभा में पुज्यश्री के भक्तों द्वारा व्यक्त किए गए। ज्ञातव्य हो कि जैन धर्म के निमित्त ज्ञानी आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज के परम प्रभाव शिष्य विरागसागर महाराज की 04 जुलाई 2024 को संलेखना पूर्वक समाधि हो गई है। विगत दिवस बड़ा जैन मंदिर मुरैना में पूज्य क्षुल्लिका अक्षतमति माताजी, क्षुल्लिका क्षयोपसममति माताजी, क्षुल्लिका आप्तमति माताजी के सान्निध्य में विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया ।सभा से पूर्व पूज्य आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के चित्र के समक्ष गुरुभक्त प्राचार्य अनिल जैन, जवाहरलाल बरैया, एडवोकेट धर्मेंद्र जैन, मनोज जैन नायक, वीरेंद्र जैन, अजय जैन खबरोली, ने दीप प्रज्वलित किया। सभा का संचालन विद्वत नवनीत शास्त्री ने किया। मंचासीन क्षुल्लिका माताजी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता देवीराम उपाध्याय, जवाहरलाल बरैया, प्रतिष्ठाचार्य संजय शास्त्री, राजेंद्र भंडारी, एडवोकेट धर्मेंद्र जैन, शेखर जैन, नवनीत शास्त्री, अनूप भंडारी ने बुंदेलखंड के प्रथम दिगम्बराचार्य विरागसागर महाराज के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अनेकों संस्मरण बताएं ।सभा के आरंभ में सामूहिक नमोकर महामंत्र का पाठ किया गया ।उपस्थित सभी गुरुभक्तों ने दीप अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विनयांजलि दी ।

# तन स्वस्थ तो होगा मन स्वस्थः गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौमूंबाग सांगानेर जयपुर में भक्तों ने भक्ति भाव के साथ अभिषेक शांतिधारा कराई। तत्पश्चात गुरुमां आशीर्वचनों का लाभ प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को मंगल उपदेश देते हुए कहा कि - हमारी सबसे बड़ी दौलत है हमारा स्वास्थ्य और इसका अहसास हमें तब होता है जब हम इसको खो देते हैं। हर व्यक्ति अपना स्वास्थ्य खुद ही बनाता है ।स्वस्थ शरीर ही हमारा सबसे बड़ा उपहार है ।स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति है ।इसका खास ख्याल रखना आपकी जिम्मेदारी है। जब तक आपका शरीर स्वस्थ नहीं रहेगा तब तक आपका मन व मस्तिष्क भी सही नहीं रहेगा। कहते भी हैं कि धन गया तो कुछ नहीं गया लेकिन स्वास्थ्य गया तो बहुत कुछ गया । इसलिए अपने तन का ध्यान रखें जिससे आपका मन स्वस्थ बना रहे। पूज्य माताजी की निर्विघ्न आहारचर्या करवाने का सौभाग्य महावीर जी बड़जात्या सपरिवार ने प्राप्त किया ।आज शाम 4.30 बजे आर्यिका संघ का विहार बालिका छात्रावास की ओर होगा। पूज्य गुरु मां के द्वारा बालिकाओं के लिए उद्बोधन दिया जायेगा। आर्यिका संघ का रात्रि विश्राम बालिका छात्रावास में होगा। आगामी 9 जुलाई 2024 को प्रातः 6 बजे गोवर्धन नगर जयपुर की ओर प्रस्थान होगा।

# जैन सोशल ग्रुप महानगर ने की गौ सेवा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दुर्गापुरा स्थित पिंजरा पोल गौशाला में 37वीं सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत गायो को हरा चारा, गुड़, लड्डू, केले, रोटी एवं खरबूजा आदि खिलाया। इस कार्यक्रम के पुण्यार्जक स्व. हीरालाल जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर राज-अमिता जैन व मुख्य संयोजक रवि प्रकाश जैन पूर्व अध्यक्ष थे। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा ने पुण्यार्जक परिवार का माला पहनाकर स्वागत किया। आज के कार्यक्रम में महानगर ग्रुप के सी एस जैन, रवि प्रकाश जैन, संजय छाबड़ा, सुशील कासलीवाल, सुनील गंगवाल, विनीत -मोनिका, अमिता- राज, संत कुमार - मंजुला, विजय - नीतू , राहुल पापड़ीवाल, रंजुला जैन, अमित- सुलेखा, अशोक - सुनीता, महावीर- नीतू जैन आदि ने गौसेवा कार्य किया। महानगर ग्रुप सचिव सुनील जैन गंगवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।




## जैन संत आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश

### धार्मिक गतिविधियों के साथ साथ प्राकृतिक पर्यावरण पर भी ध्यान देना आवश्यकः मुनि प्रज्ञा सागर महाराज




**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। सोमवार को जैन संत पूज्य आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर महाराज का नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ है। सकल दिगम्बर जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि महाराज श्री का चातुर्मास झालरापाटन में होना निश्चित हुआ है। महाराज श्री सुसनेर से विहार करते हुए पिड़ावा पहुंचे। जहां पर सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में महाराज श्री की भव्य अगवानी बेण्ड़ बाजे के साथ की गई। महाराज श्री का पिड़ावा में पांच दिन का प्रवास रहेगा। उसके बाद महाराज जी ड़ोला, मगिसपुर, कड़ोदिया होते हुवे झालरापाटन पहुंचेगे। महाराज श्री ने बड़े मन्दिर के दर्शन करते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जुना मन्दिर नवीन जिनालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी श्रावक श्राविकाओं को धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने के साथ साथ प्राकृतिक पर्यावरण पर भी ध्यान देना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पूण्य लाभ अर्जित करना चाहिए ।




## वेद ज्ञान

# वास्तविक स्वर्ग

पूरी सृष्टि में ऐसा कुछ भी नहीं जो स्थाई हो। जड़-पदार्थों का अस्तित्व बनता-बिगड़ता रहता है। तब जीव भी कुछ काल तक अस्तित्व में रहकर समाप्त हो जाता है। जीवों में एकमात्र मनुष्य ही है, जो स्वर्ग-नर्क की धारणाओं से बंधा हुआ है। धर्मग्रंथों से लेकर सत्संगों तक में यह कहा जाता है कि अच्छे काम करने चाहिए ताकि स्वर्ग मिले, बुरे काम करने पर नर्क मिलता है। यहीं यह विषय बहस का मुद्दा बन जाता है कि किसने स्वर्ग-नर्क देखा है। इस धारणा के मानने वाले भी सिर्फ यही कहते हैं कि अनेक ग्रंथों में इसका उल्लेख है। मृत्यु के बाद क्या होता है, किसके साथ क्या होता है, यह आस्था पर ही निर्भर है, लेकिन यदि गहराई से मनन किया जाए तो स्वर्ग-नर्क धरती पर ही दिख जाएगा। स्वर्ग व नर्क को मृत्यु के दिन ही नहीं, बल्कि हर घड़ी इसे देखा जा सकता है। प्रथम दृष्टया स्वर्ग-नर्क को क्रमशः सकारात्मकता और नकारात्मकता की छाया प्रति मान कर चिंतन करना चाहिए। जब व्यक्ति सकारात्मक कार्य करता है, तब उसे प्रसन्नता होती है, बस यही स्वर्ग है। स्वर्ग का जीवन आनंददायी बताया गया है। जहां आनंद वहां परमानंद स्वरूप नारायण मौजूद हैं, जबकि नकारात्मक जीवन से भय, ग्लानि, चिंता मन में आती है। हर पल अज्ञात भय बेचैन किए रहता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नकारात्मक कार्य करने पर दुनिया भले न जाने व्यक्ति का मन तो किए गए नकारात्मक कार्य को जानता है। फिर उसका पर्दाफाश कहीं न हो जाए, इसको लेकर संशय और तनाव बना रहता है। नींद गायब हो जाती है। यदि भय, तनाव से भूख और नींद गायब हो जाए तो फिर जीवन का एक बड़ा सुख गायब हो जाता है। इस संबंध में अकबर-बीरबल की एक कथा समीचीन है कि जब अकबर ने बीरबल से पूछा कि कैसे जान लेते हो कि कोई मरता है तो वह स्वर्ग गया या नर्क गया। बीरबल ने कहा कि जब कोई मरता है और उसके इलाके में लोग मृतक के मरने से अंदर से दुखी दिखते हैं और बोलते हैं कि जब तक जीया लोगों की मदद की, तब जान लेते हैं कि वह स्वर्ग गया और जब मरने वाले की निंदा के साथ उसके कर्मों को कोसते हैं, तब मान लेता हूं कि नर्क गया। यह कहना कि मृत्यु के बाद स्वर्ग-नर्क का निर्धारण होगा, यह व्यक्ति को शिक्षा देने के लिए ग्रंथों में कहा गया है।

## संपादकीय

# कश्मीर पर फिर आतंक का काला साया

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकी घात लगा कर हमला नहीं करते। शनिवार को कुलगाम इलाके में तलाशी अभियान के दौरान दो जगहों पर सुरक्षाबलों के साथ दहशतगर्दों की मुठभेड़ हो गई। दो जवान शहीद हुए। पिछले महीने कई बड़ी घटनाएं हो गईं, जिनमें कटरा जा रही बस पर हमला कर आतंकियों ने नौ श्रद्धालुओं को मार डाला और कई घायल हो गए। इस वक्त अमरनाथ यात्रा चल रही है, इसलिए सुरक्षाबल अतिरिक्त रूप से चौकस हैं, मगर फिर भी कुछ इलाकों में दहशतगर्द उन्हें चुनौती देने में कामयाब हो जा रहे हैं, तो सरकार के दावों पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। सरकार लगातार दावे करती आ रही है कि घाटी में दहशतगर्दी की जड़ों पर प्रहार किया गया है। उनके वित्तपोषण पर नकेल कसी जा चुकी है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को काफी हद तक रोक दिया गया है। मगर हर आतंकी हमले के बाद सरकार के ये दावे खोखले साबित होते हैं। पिछले पांच वर्षों से घाटी में जनतांत्रिक प्रक्रिया पूरी तरह स्थगित है। विशेष राज्य का दर्जा समाप्त किए जाने के बाद दावा किया गया था कि घाटी से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। मगर ऐसा हुआ नहीं, बल्कि खुद सरकारी आंकड़ों में देखा गया कि जिन दिनों कश्मीर में कर्फ्यू लगा था, उन दिनों भी स्थानीय युवा हाथ में बंदूक उठाने को तत्पर हुए। आतंकी संगठनों में भर्तियां बढ़ीं। उसके बाद से आतंकी संगठनों ने अपनी रणनीति लगातार बदली है। उन्होंने कश्मीरी पंडितों और बाहरी लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। सुरक्षाबलों के काफिले पर घात लगा कर हमले बढ़ गए। उन हमलों में यह भी देखा गया कि दहशतगर्द अब ज्यादा घातक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं, उनका सूचनातंत्र ज्यादा पुख्ता हुआ है। ऐसे में ये सवाल अपनी जगह कायम हैं कि अगर सचमुच घाटी में खुफियातंत्र चौकस हुआ है, आतंकियों के वित्तपोषण पर लगाम कसी है, सीमा पार से उन्हें मिलने वाली मदद पर विराम लगा है, तो आखिर उनके पास संसाधन पहुंच कहां से रहे हैं और किस तरह वे घात लगा कर हमला करने में कामयाब हो जा रहे हैं। लोकसभा चुनावों के बाद अब वहां विधानसभा चुनाव की मांग तेज हो गई है। सरकार ने जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था, उस पर भी सबकी नजर है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि जल्दी वहां चुनाव करा लिए जाएंगे। मगर आतंकवाद खत्म करने के जिस मकसद से इतने लंबे समय तक पूरे राज्य को एक तरह से संगीन के साए में रखा गया, उसकी जड़ों पर कहीं से भी प्रहार हुआ नजर नहीं आ रहा, तो यह कहना मुश्किल बना रहेगा कि इस समस्या से पार पाने का रास्ता आखिर क्या अपनाया जाएगा। पिछले दस वर्षों में केंद्र सरकार ने वहां के लोगों से संवाद कायम करने का कोई रास्ता नहीं निकाला है, इससे भी वहां के लोगों में गहरा असंतोष है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# घातक आरामतलबी

कहने को तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ी है और विभिन्न प्रकार के रोगों को लेकर शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में पहले के मुकाबले निवेश भी बढ़ा है, मगर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शोधार्थियों ने अपने हालिया अध्ययन के आधार जो नए तथ्य उजागर किए हैं, वे एक बड़ी चुनौती की ओर इशारा कर रहे हैं, बल्कि एक अलग किस्म की चिंता पैदा करते हैं। द लांसेट में प्रकाशित यह अध्ययन-रिपोर्ट बताती है कि विश्व भर के वयस्कों की एक तिहाई से भी अधिक आबादी या 1.8 अरब वयस्क शारीरिक गतिविधि के अपेक्षित स्तर पर खरे नहीं उतरते, यानी वे पर्याप्त शारीरिक श्रम नहीं कर रहे हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि पिछले बारह वर्षों में वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता की प्रवृत्ति पांच फीसदी बढ़ गई है और यही प्रवृत्ति बनी रही, तो 2030 तक ऐसे वयस्कों की संख्या 31 प्रतिशत से बढ़कर 35 फीसदी हो जाएगी। डब्ल्यूएचओ की साफ सिफारिश है कि वयस्कों को हर हफ्ते 150 मिनट तक मध्यम गति वाली या 75 मिनट तक तेज शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। ऐसे में, ताजा आंकडे.परेशान करने वाले हैं, क्योंकि शारीरिक निष्क्रियता वयस्कों में हृदय संबंधी रोग के साथ-साथ मधुमेह, डिमेंशिया व कुछ खास तरह के कैंसर का जोखिम बढ़ा देती है।\ल्लविडंबना यह है कि पश्चिम के विकसित देशों के मुकाबले आरामतलबी या शारीरिक निष्क्रियता की दर एशिया प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण एशिया के वयस्कों में बहुत अधिक दर्ज की गई है। पश्चिम के उच्च आय वाले विकसित देशों के वयस्कों में जहां यह निष्क्रियता-दर 28 फीसदी पाई गई, वहीं एशिया प्रशांत क्षेत्र के उच्च आय वाले देशों के वयस्कों में 48 प्रतिशत और दक्षिण एशियाई संपन्न देशों में 45 फीसदी देखी गई है। साफ है, एशियाई सरकारों के लिए खतरे की सूचना है, क्योंकि यह प्रवृत्ति हृदय रोगों और कैंसर की रोकथाम की उनकी कोशिशों को पलीता लगा सकती है। डब्ल्यूएचओ में स्वास्थ्य संवर्द्धन के निदेशक डॉ रुडिगर क्रेच ने उचित ही कहा है कि शारीरिक निष्क्रियता वैश्विक स्वास्थ्य के लिए एक मूक खतरा है, जो पुरानी बीमारियों का बोझ बढ़ाती है। \ल्लबेहतर आर्थिक स्थिति वाले देशों, खासकर दक्षिण एशियाई मुल्कों के वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता क्यों बढ़ रही है, इसको जानने के लिए किसी नजूमी की जरूरत नहीं है। उम्र के जिस हिस्से में वे हैं, उसमें उनका करियर लगभग तय हो चुका है और उनकी जीवन शैली भी एक खास शक्ल अख्तियार कर चुकी है। यहां के ज्यादातर वयस्क अधिक से अधिक सुविधाओं के अभ्यस्त होते जा रहे हैं। वे स्कूटर से कार और फिर कार के आगे हवाई सफर को जरूरत से ज्यादा अपनी हैसियत से जोड़कर देखते हैं। पैदल चलना या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना उनकी निगाह में पिछड़ेपन की निशानी ही है। इसके बरक्स यूरोप के लोगों की सोच अलग है। मिसाल के तौर पर, चौदह वर्षों तक नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रहे मार्ट रट ने हाल ही में जब अपना इस्तीफा दिया, तो अपने उत्तराधिकारी को सत्ता सौंपकर साइकिल से प्रधानमंत्री दफ्तर से निकल गए। सोलह वर्षों तक जर्मनी की चांसलर रहीं एंजेला मर्केल खुद सब्जियां खरीदते हुए बाजार में दिख जाती हैं। हर सुविधा हाथ में चाहिए, इस सोच को बदलना होगा।

# 30 दिवसीय "अभिनय रंगमंच कार्यशाला", "नाटकवाला अभिनय-शाला" का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नाट्य विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एवं गाँवो में कला एवं रंगमंच के विकास के लिये कार्य करने वाले नाटकवाला कला मंच आमेर के निदेशक ओम प्रकाश सैनी के निर्देशन में 8 जुलाई से शाम 4 से 6 बजे के मध्य रविन्द्र मंच जयपुर पर रंगमंच में नये कलाकारों कों जोड़ने एवं नये नाटक तैयार करने हेतु, 30 दिवसीय ''अभिनय रंगमंच कार्यशाला'', 'नाटकवाला अभिनय-शाला' का आयोजन किया जा रहा हैं ' अभिनेता, लेखक, एवं रंगमंच निर्देशक ओम प्रकाश सैनी पिछले 12 वर्षों से लगातार रंगमंच में सक्रिय हैं एवं आमेर के ग्रामीण क्षेत्र में अस्थाई रंगमंच का निर्माण प्रोसीनियम थियटर के आधार पर खुला रंगमंच का निर्माण 'नाटकवाला कला मंच' आमेर के नाम से सिमित संसाधनों में निर्मित किया हैं, आमेर में निर्देशक ओम प्रकाश सैनी ने अब तक 10 अलग-अलग नाट्य कार्यशालाओ का आयोजन विभिन्न स्कूलों एवं आमेर के नाटकवाला कला मंच पर कर चुके हैं जिसमें 250 से अधिक बच्चों एवं युवाओ कों रंगमंच से अवगत करा रंगमंच की बारीकीयां सीखा, जीवन में रंगमंच की उपयोगीता समझा कर रंगमंच से जोडा है, यही नहीं इसी के साथ रंगमंच में नये दर्शकों कों भी रंगमंच से जोड़ने का कार्य किया है जिनका रंगमंच से कोई नाता कभी रहा ही नहीं जो लोग ग्रामीण क्षेत्र में नाटक और रंगमंच के नाम से भी अनजान थे और नाटक करने वालों कों हासिये पर रखते थे आज वो ही कलाकार ओम प्रकाश सैनी के सतत एवं अथक प्रयास से एवं आमेर में नाटकवाला कला मंच पर नाटको के मंचन से यहाँ के लोगों का नजरिया ही बदल गया है ' साथ ही कला एवं कलाकारों कों एवं नाटक रंगमंच करने वालों कों बडा सम्मान देते है और आये दिन नाटक हो इसके लिये नाटक देखने के लिये कहते की अब अगला नाटक कब होगा ' सभी लोगों की मांग कों देखते हुये ओम प्रकाश ने नये नाटक करने और नये लोगों कों रंगमंच से जोड़ने हेतु जयपुर शहर के रविंद्र मंच पर नाट्य कार्यशाला का आयोजन रखा है जिससे शहर और गाँव के बिच की दुरी कों कम किया जा सके। रविंद्र मंच पर नाटक तैयार कर एक प्रदर्शन रविंद्र मंच पर होने के बाद विभिन्न मंचों पर इसका प्रदर्शन किया जायेगा । कार्यशाला के पोस्टर विमोचन कलाकार ओम प्रकाश सैनी के जन्मदिन पर जवाहर कला केंद्र, ललित कला अकादमी, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, नाट्य विभाग, ललित कला विभाग, महारानी कॉलेज राजस्थान विश्विधालय में संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया एवं संबंधित विभागों में पोस्टर लगाये गये ताकि नाट्य कला में रूचि रखने वाले विधार्थी इस नाट्य कार्यशाला में भाग ले सके ' जिससे नाटक तैयार होने पर विभिन्न विभाग एवं कॉलेज में भी इनके प्रदर्शन किये जा सके जिससे अधिक संख्या में लोगों कों रंगमंच नाटक देखने कों मिल सके ' जिससे रंगमंच का अत्यधिक विस्तार होगा और रंगमंच का लाभ ज्यादा संख्या में लोगों कों मिल सके । ओम प्रकाश सैनी ने बताया की नाट्य कार्यशाला में 16 वर्ष से अधिक के महिला एवं पुरुष नये एवं पुराने कलाकार भाग ले सकते है । साथ ही प्रशिक्षण देने के लिये रंगमंच के अनुभवी शिक्षकों कों भी बुलाया जायेगा जिससे सभी कलाकारों कों रंगमंच के विभिन्न पक्षो की बारीकीया अच्छे से सिखने कों मिले । नाटको के मंचन प्रथम मंचन अगस्त माह दूसरे सप्ताह में रविंद्र मंच पर किया जायेगा ।

# विधानसभा के स्पीकर वासुदेव देवनानी ने रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन की वार्षिक मैगजीन का विमोचन किया

## प्राणी मात्र की सेवा के लिए समर्पित कार्यो के लिए साधुवाद : देवनानी



**जयपुर.शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के पांचवे वार्षिक अंक दर्पण का विमोचन राजस्थान विधानसभा के स्पीकर माननीय वासुदेव देवनानी ने विधानसभा स्थित अपने कक्ष में किया। देवनानी साहब ने रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा मानव सेवार्थ किए जा रहें कार्यों की प्रशंशा की। गौर तलब है कि रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन विगत 7 वर्षो से जरूरत मंद लोगो की सेवार्थ विभिन्न स्थाई प्रोजेक्ट यथा एसएमएस हॉस्पिटल में 8 बेड के आधुनिक डाइलिस सेंटर का निर्माण, आर यू एच एस मे स्थित कैंसर सेंटर में ब्लड बैंक का निर्माण, सिविक सेंस पर आधारित वाई नोट मूवी का निर्माण, सिटी पार्क, महावीर व पोद्दार स्कूल में मियाबकी तकनीक से 5000 से अधिक पोधो का वृक्षारोपण, महात्मा गांधी व दुगार्पुरा स्थित गवर्मेंट स्कूल में फैसिलिटीज का निर्माण, मोनिलेक हॉस्पिटल को मोबाइल ब्लड वेन प्रदान करना, आर यू एच एस हॉस्पिटल के गार्डन का निर्माण,जैसे प्रोग्रामो के माध्यम से मानव सेवा के कार्य कर रहा है। क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश गंगवाल व सचिव कमल बड़जात्या ने बताया कि मैगजीन मे सभी सदस्यों का पूर्ण परिचय,क्लब द्वारा वर्ष भर की गई सामाजिक गतिविधियों व फेलोशिप के कार्यक्रमों को प्रमुखता दी गई है। अध्यक्ष दिनेश बज व सचिव नरेंद्र मित्तल ने बताया कि विमोचन के अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन सुधीर जैन गोधा, इलेक्ट प्रेसिडेंट संजय अग्रवाल,बोर्ड मेंबर जेके जैन भी उपस्थित थे।

# भगवान महावीर का प्रथम देशना दिवस
# वीरशासन जयंती का महत्व

डॉ. नरेन्द्र जैन भारती सनावद

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी को वर्तमान शासन नायक कहा जाता है। वर्धमान, वीर, अतिवीर, सन्मति और महावीर इन पाँच नामों से आप स्मरण किए जाते हैं। चैत्रशुक्ल त्रयोदशी को वैशाली गणराज के गणनायक राजा सिद्धार्थ के राजमहल में अलौकिक घटनाओं के साथ आपका जन्म हुआ और आपका जीवन वृद्धिगत होता गया। लेकिन आपका जीवन सांसारिक विषय भोगों से विरक्त रहा। अतः 30 वर्ष की अवस्था में त्रिशलानंदन महावीर स्वामी ने कर्म बंधनों को काटने के लिए आत्म चिंतन किया और राजमहल का त्याग कर मगशिर कृष्ण दशमी को ( 569 ई. पू. में ) मुनि दीक्षा लेकर 12 वर्ष तक कठोर तपस्या की। जब उन्हें केवलज्ञान प्राप्त हुआ तब 'जिन' होने के बाद आपका पहला उपदेश श्रावण कृष्ण प्रतिपदा को ( 557 ई. पू. ) को विपुलाचल पर्वत पर केवलज्ञान होने के 66 दिन बाद हुआ था। भगवान महावीर स्वामी के प्रथम धर्मोपदेश के प्रसंग से वीर शासन जयंती मनाई जाती है जो श्रावण कृष्ण प्रतिपदा को खिरी थी। शुक्ल ध्यान को धारण करने वाले वर्धमान जिनेन्द्र घातिया कर्मों के समूह को नाश कर जब केवलज्ञान को प्राप्त हुए और 66 दिनों तक मौन विहार करते हुए विपुलाचल पर्वत पर आये। इन दिनों तक उनकी दिव्य ध्वनि नहीं खिरी थी क्योंकि उस समय तक वहाँ कोई योग्य गणधर नहीं था। आषाढ़ शुक्ल 15 को विप्रश्रेष्ठ इंद्रभूति गौतम, अग्निभूति, वायुभूति तथा कौटिल्य आदि विद्वान्इंद्र की प्रेरणा से महावीर स्वामी की शरण में अपने पाँच सौ शिष्यों के साथ आए और सभी ने संयम धारण किया। राजा श्रेणिक भी सभा में पहुंचे। इस प्रकार भगवान के मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविकाओं का चतुर्विध संघ का गठन हुआ। इसी कारण आषाढ़ की पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा' के नाम से प्रसिद्ध हुई। भगवान महावीर स्वामी ने श्रावण मास की प्रतिपदा को प्रातः काल के समय में अभिजित नक्षत्र में समस्त संशयों को छेदने वाले, दुन्दुभि शब्द के समान गंभीर दिव्यध्वनि के द्वारा धर्मोपदेश दिया। उनकी यह दिव्यध्वनि समवशरण में प्रतिध्वनित हुई थी। जिसे बिना किसी भेदभाव के देव, मनुष्य, स्त्री, पशु, पक्षी आदि ने ग्रहण किया। यह दिव्यध्वनि उनके लिए आत्महित का साधन बनी। भगवान महावीर स्वामी ने राग द्वेष के बिना संपूर्ण जगत के प्राणियों के लिए हित का उपदेश दिया था, अतः वह जगत के हितकर्ता के रूप में प्रसिद्ध हुए। उनके उपदेशों का आज भी जैन श्रद्धालु अक्षरसः पालन करते हैं। जिनमें कुछ महत्वपूर्ण बिंदु यहाँ उल्लेखित हैं - 1- प्रत्येक आत्मा में परमात्मा बनने की क्षमता है, लेकिन वह शुभ कर्मों के माध्यम से अशुभ कर्मों का नाश करे और अंत में बंधन मुक्त हो जाये। 2 - रत्नत्रय अर्थात सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र धारण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। 3 - कषाय के वशीभूत होकर जीव हिंसा करता है। अतः अहिंसा के पालन के लिए कषाय और हिंसा रूप पाँच पापों का त्याग करें। 4 - मिथ्यात्व के कारण यह जीव संसार में भटकता है। अतः सम्यक्त्व का पालन करो और मिथ्यात्व रूप अतत्व श्रद्धान को छोड़ो। 5 - राग द्वेष के अभाव और कषायों के त्याग से आत्मा में निर्मलता आती है। 6 - जो स्व की रक्षा नहीं कर पाया, वह पर की रक्षा नहीं कर सकता। 7 - शुभ वचन बोलने और सुनने से शुभ भावना बनती है। अतः आवश्यक है कि हम सभी भगवान महावीर के उपदेशों के पालन का संकल्प लेकर वीर शासन जयंती मनायें और अपनी आत्मा का कल्याण करें। **डॉ. नरेन्द्र जैन भारतीः वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक**



# छीपीटोला जैन समाज को मिला मुनिश्री शिवदत्त सागर जी ससंघ का मंगल वर्षायोग 2024

**आगरा. शाबाश इंडिया।** 7 जुलाई को वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भय सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री शिवदत्त सागर जी महाराज,मुनि श्री हेमदत्त सागर जी महाराज,मुनि श्री पदमदत्त सागर जी ससंघ के मंगल सानिध्य में चातुर्मास घोषणा 2024 कार्यक्रम का आयोजन आगरा के जयपुर हाउस स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर के परिसर में किया गया। जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ सौभाग्यशाली भक्तों ने मुनिसंघ का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट करके किया इसके बाद टूण्डला,बरहन, जलेसर, फिरोजाबाद आदि स्थानों की जैन समाज ने बडे. भक्तिभाव के साथ गुरुचरणों में पहुंचकर और सामूहिक रुप से श्रीफल भेंटकर चातुर्मास 2024 हेतु निवेदन किया। वही छीपीटोला सकल जैन समाज ने भी मुनिसंघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर 2024 चातुर्मास हेतु निवेदन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। छीपीटोला जैन समाज के साथ ही जयपुर हाउस जैन समाज ने भी मुनिसंघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर चातुर्मास 2024 हेतु निवेदन किया।



# पिंकडोर राखी और लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन 19-20 जुलाई को फोर्ट में




जयपुर. शाबाश इंडिया

बंधन एक पहल सोसायटी के द्वारा 19- 20 जुलाई को फोर्ट रेस्टोरेंट जयपुर, लाल बहादुर नगर, आदिनाथ नगर, जयपुर में पिंकड़ोर राखी और लाइफस्टाइल एग्जीबिशन को आयोजित की जा रही है। एग्जीबिशन में विभिन्न प्रकारों के उत्पादों का संग्रह आपको एक साथ एक छत के नीचे देखने को मिलेगा। आपको यह वेडिंग कलेक्शन के साथ राखी और खास मौकों पर उपहार देने के लिए गिफ्ट हैंपर भी मिलेंगे। एग्जीबिशन में अनेको जगह से एग्जिबिटर्स अपना कलेक्शन लेकर आ रहे है। इस जीवंत और उत्सवपूर्ण माहौल का अनुभव करने के लिए हार्दिक आमंत्रण देते है। आप आए और इस अनोखे ओपनिंग शॉपिंग एग्जीबिशन का आनंद लें।

# शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना का हुआ सम्मान

**बीकानेर. शाबाश इंडिया।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा रविवार को प्रताप सभागार डुंगर कॉलेज बीकानेर में आयोजित हुए कैरियर गाइडेंस व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विधार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान समारोह में शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना का भी सम्मान किया गया। डॉ.मीना की हिंदी व राजस्थानी भाषा में रचनाएं लगातार प्रकाशित हो रहीं है व इनकी दो पुस्तकें प्रकाशित हों चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठनंद व्यास,विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त केंद्रीय सेवा कर आईआरएस भूपेंद्र छीपा,एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार,मुख्य प्रबंधक महेंद्र मीना,डुंगर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.इंद्रसिंह राजपुरोहित रहे व समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने की। समारोह में मुख्य वक्ता के रुप सहायक निदेशक पेंशन विभाग डॉ.राहुल गोठवाल,सीबीईओ बज्जू डॉ.रामगोपाल शर्मा,डॉ.वाईबी.माथुर,प्रवक्ता राजकीय पोलेटेक्निक महाविद्यालय,डुंगर कॉलेज के आचार्य डॉ.शमिंद्र सक्सेना, एनएसपी महाविधालय के प्राचार्य डॉ.प्रशांत बिस्सा,निदेशक सिंथेसिस जेठमल सुथार, सीएमओ पीबीएम अस्पताल डॉ.एलके कपिल,रेसटा के प्रदेश महामंत्री नवलसिंह मीना, अधिवक्ता नीतू जैन सीए दिनेश शर्मा ने मार्गदर्शन किया।



# श्री दिगंबर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति पार्श्वनाथ भवन के चुनाव संपन्न हुए



जयपुर. शाबाश इंडिया

मुनि सेवा, धर्म सेवा, वैया वृत्ति, मुनियों के आहार विहार, की सेवा में सदैव अग्रणी रहने वाली संस्था श्री दिगंबर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति के चुनाव रविवार को संपन्न हुए। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के प्रचार प्रसार मंत्री रमेश गंगवाल ने बताया ,भगवान श्री पार्श्वनाथ के जय घोष के साथ चुनाव प्रक्रिया आरंभ हुई ।चुनाव अधिकारी के रूप में पधारे बाबूलाल चतुर्वेदी ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराते हुए नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की ,अध्यक्ष पद के लिए देव प्रकाश खण्डाका, मंत्री पद के लिए ओम प्रकाश काला, उपाध्यक्ष राजेश गंगवाल ,एवं बाबूलाल जैन ,सह मंत्री रूपेंद्र छाबड़ा और मुकेश सेठी कोषाध्यक्ष मुकेश जैन ब्रह्मपुरी। सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाप, प्रचार प्रसार व्यवस्था मंत्री रमेश गंगवाल और भवन एवं भंडार व्यवस्था मंत्री सुधीर पाटनी ,आहार बिहार व्यवस्था मंत्री त्रिलोकचंद गोधा एवं अजय पाटोदी को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। 19 सदस्य कार्यकारिणी हेतु निर्विरोध चुने गए।

# गुदड़ी मंसूर खां जैन मंदिर में चल रहा है सोलह दिवसीय विधान



**आगरा. शाबाश इंडिया।** समाधिस्थ आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज एवं आचार्यश्री सौरभसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से आगरा के गुदड़ी मंसूर खां स्थित सेठ श्री बिहारीलाल धर्मशाला के श्री शीतलनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान का आयोजन का चल रहा है। जिसमें भक्तों ने 7 जुलाई को सर्वप्रथम स्वर्ण कलशों से प्रभु का अभिषेक एवं वृहद शांतिधारा की। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य पंडित सौरभ जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष माण्डले पर अर्घ्य अर्पित कर विधान की मांगलिक क्रियाएं सम्पन्न कीं। विधान में मौजूद सभी भक्तों ने संगीतकार की मधुर भजनों पर नृत्य कर प्रभु भक्ति की सायः 7:00 बजे भक्तों ने संगीतमय प्रभु की मंगल आरती की गई विधान के अंतर्गत चारों तरफ से हर शैली से भक्त आ रहे हैं इस अवसर पर सुभाष जैन मंदिर व्यवस्थापक,नरेश जैन राकेश जैन पार्षद,वीरेंद्र जैन,रविंद्र जैन राकेश जैन,संजय जैन रपरिया,जितेंद्र जैन, प्रवेश जैन,बंटी जैन,अजय जैन धर्मेंद्र जैन,नरेंद्र जैन,प्रमोद जैन देवेंद्र जैन पारस जैन,सुशीला जैन सुनीता जैन शशि जैन,विजय जैन कुसुम जैन लक्ष्मीकांत जैन,राजकुमारी जैन पूनम जैन,समस्त गुदड़ी मंसूर खां जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर गौशाला में गौ सेवा एवं पक्षियों को दाना डालकर अस्पताल में बंटवाया खाना...



जयपुर. शाबाश इंडिया

श्रीमती शांति देवी जन कल्याण ट्रस्ट एवं नृसिंह सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ट्रस्टी मुकेश पाराशर ने जन्मदिन के अवसर पर गौ माताओं की सेवा उनको हरा चारा एवं गुड़ खिलाया।इस अवसर पर गौशाला में पक्षियों के लिए दाना भी डाला गया।ट्रस्टी मुकेश पाराशर ने बताया की हाथोज धाम के पीठाधीश्वर एवं हवामहल विधायक महाराज बालमुकुंद आचार्य के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में गौ सेवा, पक्षी सेवा एवं जेके लोन हॉस्पिटल के बाहर खाना वितरण किया गया। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, राधा मोहन शर्मा, दिनेश जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिला मीडिया क्लब ने किया पौधारोपण




गौरव जैन सिन्नी. शाबाश इंडिया

अशोकनगर। जिला मीडिया क्लब द्वारा रविवार को मोहरी के पठार पर स्थित खेल स्टेडियम के पास पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला मीडिया क्लब के पत्रकार उपस्थित थे। पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाए गए साथ ही पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। क्लब की ओर से बताया गया है कि वर्षाकाल में पौधारोपण कार्यक्रम निरंतर चलेगा और अधिक से अधिक पौधे रोपे जाएंगे ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्लब द्वारा योगदान दिया जा सके। इस दौरान क्लब के संरक्षक पवन जैन, महामंत्री मनोज कलाकार, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव, कोषाध्यक्ष करन रजक, राजेन्द्र रजक, महेन्द्र ओझा, सुनील तनेजा, राजकुमार नामदेव, राजकुमार लोधी, उदयभान यादव, दीपक श्रीवास्तव, सुशील कुशवाह, राहुल जैन, मोहरी राय सरपंच दिलीप धाकड़ आदि उपस्थित थे।

# अभिषेक विधि प्रशिक्षण एवं जून माह के धार्मिक शिक्षण शिविर का सम्मान समारोह



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर की श्री दिगम्बर जैनाचार्य विद्या सागर पाठशाला दुर्गापुरा के बालकों को अभिषेक विधि प्रशिक्षण विधानाचार्य पंडित अजीत जी जैन आचार्य ने 7 जुलाई 2024 रविवार को प्रातः 7:30 बजे से दिया। पाठशाला की संचालिका श्रीमती चन्दा सेठी ने बताया कि बच्चों के अभिषेक करते हुए बालिकाएं चंवर ढ़ोर रही थी बहुत ही सुन्दर दृश्य था। पाठशाला के संयोजक राजेन्द्र काला एवं श्रीमती पुष्पा सोगानी ने बताया कि सम्मान समारोह के शुभारंभ में श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुर्गापुरा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ मंत्री राजेन्द्र काला, उपाध्यक्ष सुनील कुमार संगही, जयकुमार जैन, भागचंद बाकलीवाल, विमल चन्द बड़जात्या, रमेश छाबड़ा, सुरेन्द्र काला, एवं पंडित चन्दन मल अजमेरा ने द्वीप प्रज्वलित किया। बच्चों ने संस्कृत के दर्शन पाठ का मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के पुण्यार्जक आदिश जैन सुपुत्र रेणु जैन परिवार डीमापुर निवासी, श्रीमती आशा जी जैन, श्रीमती वर्षा जैन का स्वागत तिलक माल्यार्पण कर रेखा लुहाड़िया, रेणु पांड्या, छवि जैन, डॉ शांति मणि, सुनीता पांड्या व संजना छाबड़ा ने किया। शिविर के दौरान बच्चों को प्रतिदिन प्रभावना देने वाले परिवारजनों को धन्यवाद देते हुए सभा ने तालियां बजाकर उनके पुण्य की अनुमोदना की। शिक्षकों में पंडित अजीत जी जैन आचार्य, प्रतिभा जैन, रिंकू जैन, विमला पांड्या, परी जैन का सम्मान करते हुए सभी ने तालियां बजाकर अपने पुण्य का वर्धन किया। अभिषेक के लिए उपस्थित हुए बच्चों को परितोषित देकर सम्मानित किया गया। तत्त्वार्थसूत्र, भक्तामर, प्रथम भाग, द्वितीय भाग, मौखिक कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से शिविरार्थियों को सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले श्रीमती सुमन गोदीका, श्रीमती सुशीला सेठी, श्रीमती संतोष गोधा, श्रीमती रेणु पांड्या, अविका जैन, अनन्या जैन, आदि थे। पंडित चन्दन मल अजमेरा ने एवं भाग चन्द बाकलीवाल ने पाठशाला के संचालन की सराहना करते हुए बच्चों को उत्साहित किया। कार्यक्रम में राज कुमार सेठी, सुनील काला, महावीर पाटनी सहित श्रेष्ठीजन उपस्थित थे शिक्षकों के सम्मान का सहयोग दीमापुर निवासी परिवार ने, बच्चों के सम्मान में पारितोषिक श्रीमती वर्षा अजमेरा एवं स्वादिष्ट अल्पाहार हीरा चन्द श्रीमती आशा जी जैन गर्ग परिवार की ओर से था। ट्रस्ट के मंत्री राजेन्द्र काला, पाठशाला संयोजक श्रीमती पुष्पा सोगानी, संचालिका श्रीमती चन्दा सेठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। बहुत ही सुन्दर प्रभावित मंच संचालन पंडित अजीत जैन आचार्य ने किया।

# नवीन जिनालय भवन का शिलान्यास हुआ

## विनयांजलि सभा में गणाचार्य श्री विराग सागर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

निकटवर्ती ग्राम अमरमऊ के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी के विशाल परिसर में सेठ नाथूराम एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शांतिबाई की पुण्य स्मृति में सेठ देवपाल श्रीमती कमलेश, सेठ हरिश्चंद्र श्रीमती ममता, सेठ हुकम चंद्र (सरपंच) श्रीमती सुनीता, सेठ नरेंद्र कुमार झल्लू श्रीमती नीता, अमरमऊ फुसकेले सेठ परिवार द्वारा श्री चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन जिनालय का नवनिर्माण के शुभ भाव होने पर दो दिवसीय विविध धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम समारोह का आयोजन किया गया जिसमें रविवार को शिलान्यास की विविध क्रियाओं को सम्पन्न कराया गया। शिलान्यास समारोह के प्रातः अभिषेक, शांतिधारा पूजन उपरांत शिखर चंद चमेली जैन सागर के द्वारा ध्वजारोहण तथा विजय कुमार श्रीमती द्रोपती जैन सागर व पवन कुमार श्रीमती सावित्री सागर तथा अनिल कुमार सरोज जैन बासां तारखेड़ा, निलय श्रीमती किरण जैन गढ़ाकोटा ने श्रीजी के चित्रों का अनावरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# सिरोली ग्राम पंचायत परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधरोपण



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सांगानेर पंचायत समिति की सिरोली ग्राम पंचायत परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण अभियान का बगरू विधायक डॉ कैलाश वर्मा के साथ सरपंच रामलाल मीणा ने शुभारंभ किया। विधायक वर्मा ने कहा कि प्राकृति के दोहन के कारण प्राकृतिक मार झेलनी पड़ रही हैं। जननी और जन्मभूमि को संरक्षित और सुरक्षित रखना हमारा पहला कर्तव्य हैं। देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रर्यावरण संरक्षण को लेकर मां के नाम एक पौधारोपण अभियान प्रारंभ किया है। सभी लोगों को यथासंभव पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित करना चाहिए। पौधारोपण अभियान का हिस्सा बने और वृक्ष लगाकर धरा को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा रखने में अपना अहम योगदान दे।बीडीओ ज्योति प्रजापत ने बताया कि पंचायत समिति की सभी ग्राम पंचायतों में सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा।इस अवसर सांगानेर पंचायत समिति बीडीओ ज्योति प्रजापत,सिरोली ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भंवर सिंह,दांतली सरपंच अनिल शर्मा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जयकारों के साथ हुआ साध्वी प्रितीसुधा का नगर प्रवेश देवेन्द्र धाम में

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**



जयकारों के साथ हुआ साध्वी प्रितीसुधा आदि ठाणा का देवेन्द्र धाम मे नगरप्रवेश। सोमवार को श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ पंचायती नौहरा मुखर्जी चौक चातुर्मास केलिए आए महासती उमराव कंवर डॉ.प्रितीसुधा,साध्वी मधुसुधा साध्वी, संयमसुधा आदि साध्वीवृंद का नगरप्रवेश पर अभिनन्दन किया गया। भुवाणा जैन स्थानक साध्वी मंडल की पदयात्रा प्रांरभ होकर देवेन्द्र धाम मे प्रवेश किया।भुवाणा देवेंद्र धाम में साध्वी प्रितीसुधा श्रध्दालुओं को सम्बोधित करतें हुए कहां कि संसार में सभी पदार्थ नश्वर हैं। जिन पदार्थों में व्यक्ति सुख खोज रहा है, उसकी वह खोज झूठी है। अगर संसार के पदार्थों में सुख होता तो संसार में कितने ही महापुरुष हुए हैं। प्रभु महावीर, महात्मा बुद्ध,भगवान श्रीराम जैसे महापुरुषों ने संसार के पदार्थों को ठोकर मारकर आत्मा को सुख की प्राप्ति की। उन्होंने कहा कि संसार परिवर्तनशील है।प्रत्येक पदार्थ वह चाहे शरीर के रूप में हो या महल, धन वैभव के रूप में। सच यह है कि वह प्रतिक्षण बदल रहा है। चातुर्मास की साधना भी इसी रूप में की जाती है जहां साधक बाहर से हटकर अंतर हृदय की खोज करता है तभी वो मानव जीवन को सार्थक बना सकता है। साध्वी संयमसुधा ने भजन के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। इसदौरान नगरप्रवेश मे भुवाणा श्रीसंघ के अध्यक्ष दिनेश चौरड़िया,पूर्व महापौर रजनी डांगी, हिम्मत मेहता,रमेश खोखावत,हिम्मत चौरड़िया,सुरेश नागौरी,रोशनलाल जैन,दिनेश हिंगड़, नंदलाल सेठिया,संदीप बूलिया,राजेंद्र खोखावत, विजेंदर कोठारी,संजय जैन, कल्पना चौरड़िया,संध्या नाहर,स्नेहा सिसोदिया मीना बोकड़िया, अनीता भंडारी, इन्द्रा चौरड़िया आदि श्रीसंघो और संस्थाओं श्रमणसंघ विहार परिषद युवाओं ओर श्रावक श्राविकाओं ने जयकारो के साथ साध्वीवृंद की अगवानी करतें हुए अभिनन्दन किया। प्रवक्ता निलिष्का जैन बताया मंगलवार को साध्वीमंडल अहिंसा पुरी जैन स्थानक मे आयोजित धर्मसभा मे को सम्बोधित करेंगे।

**-प्रवक्ता निलिष्का जैन**

## बनारस में तीर्थंकरों की जन्मभूमियों के दर्शन करने के लिए जैन बच्चों ने प्रधानमंत्री मोदी जी को लिखे पत्र

### नैतिक शिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने सीखी जैन जीवन शैली



**बनारस. शाबाश इंडिया।** आदि प्रकाश जैन की पहल ,पूर्ण सहयोग एवं प्रो. फूलचंद जैन प्रेमी के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, भेलूपुर के नैतिक शिक्षण शिविर में अनेक जैन बच्चों ने अपने जीवन को सुसंस्कारित करने एवं भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों के साथ ही जीवन जीने की कला सीखी एवं प्राचीन जैन श्रमण संस्कृति के आधारभूत सिद्धांतों को समझने हेतु छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया एवं डॉ. मुन्नी पुष्पा जैन ने विश्व की सबसे प्राचीन ब्राह्मी लिपि भी सिखाई । सभी बच्चों ने परीक्षा दी एवं सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों भूमिका जैन , मयंक जैन, उन्नति जैन, नमन जैन, धान्वी जैन को रजत पदक प्रदान किया गया तथा अन्य सभी बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। शिक्षण देने वाले सभी विद्वानों एवं विदुषियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के ज्ञान लाभ की प्रशंसा की तथा ऐसे लाभकारी शिविरों को नियमित आयोजित करने की भावना अभिव्यक्त की ।बनारस में यह पहला ऐसा शिविर लगा जिसमें अत्यधिक बच्चों को जीवन मूल्यों से जोड़ा गया।इस शिविर की सफलता को देखते हुए आदि प्रकाश जैन की भावना है कि बनारस में एक उइएए के जैन स्कूल भी बनना चाहिए। प्रमिला सामरिया,आशा जैन,रूबी जैन,दीपा जैन,शैली जैन,सरिता जैन एवं दिल्ली से आईं डॉ. इन्दु जैन राष्ट्र गौरव जैन ने बच्चों के अंतर्मन में नैतिक मूल्यों के बीजारोपण में प्रशिक्षिका बनकर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाज के अध्यक्ष ऋषभचंद जैन एवं सभी अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। ज्ञातव्य है कि 80 से अधिक जैन बच्चों ने बनारस से सांसद एवं भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जैन धर्म के चार तीर्थंकरों की जन्मभूमियों स्थित बनारस के जैन मंदिरों के दर्शन करने एवं भारतीय संस्कृति में इनके योगदान को जानने हेतु आमंत्रित करने के लिए पत्र लिखे और साथ ही बच्चों ने अपने पत्र में माननीय प्रधानमंत्री जी के लिए नाराजगी भी जाहिर की है कि वे इतने वर्षों से बनारस से ही सांसद हैं और अभी तक एक बार भी उन्होंने तीर्थंकरों की जन्मभूमियों के दर्शन नहीं किए । बच्चों को विश्वास है कि ये पत्र माननीय प्रधानमंत्री जी तक अवश्य पहुंचेंगे एवं वे बच्चों की भावनाओं को पूरा करने के उद्देश्य से बनारस के जैन मंदिरों के दर्शन कर जिनेन्द्र प्रभु का आशीर्वाद लेंगे एवं बच्चों से मिलकर ,उनकी यह भावना अवश्य पूरी करेंगे ।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महोत्सव का हुआ समापन




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर।नगर निगम अजमेर और क्रीड़ा भारती अजयमेरू के सयुक्त तत्वाधान में आयोजित सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल महाकुंभ 2024 के समापन समारोह मुख्य अतिथि भागीरथ चौधरी (केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भारत सरकार) , विशिष्ट अतिथि महेश शर्मा संभागीय आयुक्त , महापौर नगर निगम अजमेर, नीरज जैन (उप महापौर) देशल दान आयुक्त के आतिथ्य में भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा जीत और हार से खिलाड़ियों को प्रेरित होना चाहिए । और हार कर निराश होने के बजाय और मेहनत करनी चाहिए। और जीत के लिए प्रयास करनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों की तरफ से नीरज जैन की मांग पर अजमेर में कबड्डी, फुटबाल, बास्केटबॉल, हॉकी, के भारतीय खेल प्रथिकरण की एकेडमी खोलने का आश्वासन दिया। नीरज जैन ने सभी का धन्यवाद दिया और खिलाड़ियों को खेलने को प्रोत्साहित किया। समारोह में 670 विजेता उपविजेता को पुरस्कृत किया गया। कुल 4118 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।जिसमे 3015 पुरुष खिलाड़ी एवम 1103 महिला खिलाडियों ने भाग लिया । नीरज जैन ने नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, क्रीड़ा भारती अजयमेरू के सदस्यों, शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षकों, खेल विषशज्ञो, खिलाड़ियों एवम अजमेर केंखेल प्रेमियों का धन्यवाद अर्पित किया । इस आयोजन में खेल विशेषज्ञ सहित कुल 278 लोग इस आयोजन का हिस्सा बने।

## झोटवाड़ा में आचार्य 108 श्री शशांक सागर जी भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** झोटवाड़ा की धरा पर कवि हृदय सम्राट परम पूज्य आचार्य 108 श्री शशांक सागर जी महा मुनिराज ससंग का हुआ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण करने के बाद सभी साधर्मी बंधुओ ने आचार्य श्री के मुखारविंद से मंगल प्रवचन सुनकर के धर्म लाभ अर्जित किया।

# पुलक मंच शाखा जयपुर शहर की सभा संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पुलक मंच की सभा विधुत लुहाडिया के निवास स्थान पर रखी गई । सभा में लहरिया थीम रखी गई थी ।सभा में भक्तामर पाठ के पश्चात आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज की आरती बड़े ही उत्साह से की। पुलक मंच की अध्यक्ष इद्रां बडजात्या ने जयपुर शहर में हो रहे संभावित चातुर्मासों के बारे में सदस्यो को जानकारी दी। सरप्राइज गेम मे प्रथम प्राइज सुनीता अजमेरा व द्वितीय प्राइज सुमन गौधा को मिली। सभी ने बारिश की फुहारों के बीच स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।


# जैसवाल जैन समाज ने किया सामूहिक अभिषेक



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

इंदौर। उपरोचियां जैसवाल जैन समाज का मासिक सामूहिक पूजन कार्यक्रम भक्तिभाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। इंदौर महानगर में निवासरत श्री दिगम्बर जैसवाल जैन परिवार ग्रुप ने एक संकल्प लिया कि प्रत्येक माह के एक रविवार को नगर के किसी भी एक जैन मंदिर जी में सामूहिक रूप से अभिषेक, शांतिधारा एवम पूजन की जायेगी ।इसी तारतम्य में इस माह के प्रथम रविवार को दयोदय ट्रस्ट इंदौर के जैन मंदिर जी में श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान जी का सामुहिक 18वा अभिषेक, शांतिधारा एवम पूजन करने का सौभाग्य श्री दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचियां समाज इंदौर को प्राप्त हुआ। जिनेंद्र प्रभु की भक्ति के पश्चात गौशाला में गायों को सभी उपस्थित श्री दिगंबर जैसवाल जैन (उप)समाज, इंदौर द्वारा हरा चारा खिलाया गया ।जिसकी सभी लोगों ने बहुत-बहुत अनुमोदना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हर महीने किए जाने चाहिए। इसी क्रम में हर माह के दूसरे रविवार को दयोदय ट्रस्ट में आकर देव दर्शन के साथ साथ गौशाला में गायों को चारा खिलाने की सभी ने सहमति प्रदान की। गायों को चारे के लिए सभी समाज जन द्वारा सहयोग की स्वीकृति प्रदान की गई ।

# प्रकृति,मनुष्य और कला के सामंजस्य पर चर्चा




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** टखमण कला संस्थान द्वारा आयोजित कला संवाद कार्यक्रम में सोमवार को देश के ख्यात कला समीक्षक एवं साहित्यकार प्रयाग शुक्ल ने मनुष्य तथा प्रकृति एवं मनुष्य तथा कला के अंतरसंबंध पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समस्त कलाएं प्रकृति और संवेदना से जन्म लेती हैं और मनुष्य को मानव बनाए रखने का निर्वहन करती हैं। कला संवाद सत्र में शुक्ल ने टखमण से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए कला परंपराओं के पुरोधा चित्रकार पीएन चोयल, प्रो. सुरेश शर्मा जैसे कई सृजनधर्मियों का जिक्र किया। सचिव संदीप पालीवाल ने बताया कि जीवन के अस्सी से ज्यादा बसंत देख चुके शुक्ल ने साठ बरस तो कला और साहित्य की साधना में बिता दिए। कोविड महामारी के दौर में पुत्री को खो देने वाले शुक्ल की रचनात्मकता में कभी कमी नहीं आई। वे आज कला जगत की विरासत बन चुके हैं। इस कला संवाद में शहर के ख्यात कलाकार एवं साहित्यकार शरीक हुए, जिसमें ललित शर्मा, सी.पी.चौधरी, डॉ. रघुनाथ शर्मा, रामकृष्ण शर्मा, प्रो. श्रीनिवासन अय्यर, छोटूलाल, विवेक तांबे, नसीम अहमद, दिनेश उपाध्याय, आकाश चोयल, जयेश सिकलीगर, मोहम्मद यूनुस आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

**रिपोर्ट/फोटो राकेश शर्मा 'राजदीप'**






# दिगम्बर जैन महासमिति द्वारा मोटीवेशनल स्पीच एवं स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन

## 24घंटे नॉनस्टॉप स्पीच देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सौरभ जैन ने जीवन जीने के उद्देश्य पर किया मोटिवेशन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, महिला अंचल एवं नारायण हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आज होटल हयात, मालवीय नगर में मोटीवेशन स्पीच एवं स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अंचल अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड एवं महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल ने बताया कि मोटीवेशन स्पीच के अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौरभ जैन, मुख्य अतिथि शैलेन्द्र गोधा प्रबंध संपादक समाचार जगत, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र जैन पांड्या, कार्याध्यक्ष नवीन सैन जैन, निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम कुमार पांड्या,जस्टिस एन के जैन, डॉ. निधि पाटनी- डायरेक्टर रेडियशनऑकोलॉजी, डॉ. अंकित माथुर- एडिशनल डायरेक्टर कार्डियक सर्जरी, वालिया, महिला अंचल अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जैन , निर्मल संघी अतिथि रहे। दीप प्रज्जवन श्रीमती मृदुला जैन पांड्या एवं मुख्य अतिथि शैलेन्द्र गोधा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मंगलाचरण श्रीमती शकुंतला जैन,शशि सैन जैन, ललिता जैन, मृदुला जैन पांड्या,सरला संघी ने संयुक्त रूप से किया। प्रमुख वक्ता नवीन सैन जैन ने अपने उदबोधन में महासमिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रोटोकॉल एवं मीटिंग संचालन एवं कार्य कलापों एवं उनके उत्तर दायित्व पर प्रकाश डाला। 24 घंटे नॉनस्टॉप स्पीच देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सौरभ जैन ने अपनी मोटिवेशनल स्पीच में उपस्थित सदस्यों को बताया कि जीवन में कोई लक्ष्य होना चाहिए एवं सामूहिक उन्नति के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।उपस्थित सदस्यों ने बहुत बार ताली बजाकर खुशी जाहिर की। राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र जैन पांड्या ने अपने भाषण में कहा कि सम्पूर्ण भारत में जहां 29 अंचलों में सबसे अधिक कार्य सामाजिक, धार्मिक एवं नये सदस्य बनाने का कार्य राजस्थान अंचल ने किया है , इसके लिये राजस्थान अंचल की पूरी टीम को बधाई। @ पेज 12 पर



# मोटीवेशनल स्पीच एवं स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन










**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, महिला अंचल एवं नारायण हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आज होटल हयात, मालवीय नगर में मोटीवेशन स्पीच एवं स्वास्थ्य परिचर्चा का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान अंचल के पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल संघी एवं उनकी टीम को जिन्होंने स्वास्थ्य सेवा, धार्मिक, एवं सामाजिक उत्कृष्ट कार्य करने पर, सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश मलैया एवं उनकी टीम को धार्मिक एंव सामाजिक उत्कृष्ट कार्य करने पर एवं टोंक संभाग को उनके धार्मिक संस्कार के उत्कृष्ट कार्य करने पर उनको प्रशस्ति पत्र,माला, दुपट्टा एवं शाल ओढ़ाकर कर अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन , महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल एवं सभी उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में अनिल जैन आई आर एस, इंजीनियर प्रेम चंद जैन छाबड़ा शिरोमणि सदस्य,डा विनोद जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,डा राजेन्द्र कुमार जैन ,राष्ट्रीय सयुँक्त मन्त्री , परामर्शक एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश काला, दर्शन बाकलीवाल, राजेश बड़जात्या अध्यक्ष, राजस्थान सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन , राकेश गोदिका संपादक शाबाश इंडिया ,सोभाग जैन, सुनील गंगवाल, लोकेश सोगानी, वी सी जैन सम्पादक जलते दीप, दुबई से पधारे पदम चन्द्र , डॉ नमोकार जैन , सुरेन्द्र डिग्गीवाल आदि के अलावा सैकड़ों की तादाद में स्त्री पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष




अनिल जैन ने किया साथ ही सभी आगुंतकों अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया। कार्यक्रम संयोजक निर्मल संघी ने नारायण हॉस्पिटल के डाक्टरों का एवं उनकी टीम वालिया साहब, विभोर , विकास को परिचय करवाया। महासमिति राजस्थान अंचल की ओर से उन सभी को सम्मानित किया। डॉ निधि पाटनी एवं डॉक्टर अंकित माथुर ने क्रमशः रेडिएशन आकोलोजी एवं कार्डियक सर्जरी पर विस्तार से सभी सदस्यों को अवगत कराया एवं इन बीमारियों से बचने की विधि भी बहुत ही सरल भाषा में समझाई। अन्त में महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल ने पधारे हुए सभी अतिथियों को, सभी सम्माननीय महानुभावों को, नारायण हॉस्पिटल द्वारा उनकी तरफ से स्थान एवं उत्कृष्ट हाई टी की व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया साथ ही कार्यक्रम संयोजक निर्मल संघी को इस शानदार एवं सफल आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाई इसके लिए धन्यवाद।